8 All of us really owe much to the coal workers. It is because of the workers that superior persons can remain superior.

### Summary of the lesson in English

Coal is very important in our day-to-day life. All machines are directly or indirectly dependent upon coal. We use coal in many ways.

**The process of extracting coal from mine**—The actual process of bringing out coal from mines is well worth-watching. Generally the visitors are not allowed to go down a coal mine while the miners are at work. If you get a chance to go at such times, you will see that the machines roar and the air is black with coal dust. At those times the place is like a hell. There are-heat, noise, confusion, darkness and dangers in a coal mine. There is no light down a coal mine except the electric torches and the dim light of Devy's Lamps. There the miners work in a filthy atmosphere.

**The job of the coal miners**–The 'fillers' work very hard down the coal-mine. They make a narrow gallary by cutting hard rocks and dig out coal from underneath the coal layers. There is the toughest work inside the mines. It is a tremendous and almost the super-human work that the miners do. There the workers remain kneeling all the time and it is very difficult for the workers to shovell in this position.

There is excessive heat also down the mines. Sometimes the heat is suffocating. The whole body of workers is covered under coal dust. But the fillers look and work as though they were made of iron. They really look like iron statues under the coal dust, which covers them from head to foot. These workers carry on their job for. seven and a half hours without a break. Actually they hardly get fifteen minute's time 'off' to take their food during the change of shift.

**Extra physical work of the coal workers—**These coal-workers have to take up extra physical labour as a part of their day's work. Sometimes they have to crawl a distance of about five miles from the pit bottom to the ledge of coal. There they remain kneeling and keep their heads up to save them from the beams and girders. There is always this frightful business of crawling to and fro in the mine and it is besides their normal work of digging coal. It is merely their extra work which is required along with their work of cutting coal. This hard work continues for seven and half hours daily. An ordinary man is unable to do such hard work Such a work would kill an ordinary person in a few weeks.

**The world of coal workers down the mine**–Down the mine there is the world of the coal miners but most of the people would not like to hear about it. Ye tit is absolutely counter-part of our world above. Practically coal is used in every activity of our lives. It is needed in peace and as well as war times. But we do not know how people geat coal. We simply know that we need coal-that arrives from the sources of nature. We never remember that many hundred feet below the road, there are the miners working in a coal-world. Their lamp-llt world down the mine is very necessary for the progress of our day-light world.

**Former conditions in coal-mines**–Only sometimes back the mines were worse than they are now. Formerly, the women had to work in mines with harness round their waist and a chain between their legs. They crawled on their hands and feet in order to drag tubs of coal. They used to do this kind of work even when they were pregnant. But their condition is some what improved these days. It is very sad indeed, that we do not like to think of the hard work of the miners because we are busy in life.

Men think themselves superior and intellectual in comparison to the ordinary workers. We forget that it is only because of labourers' and miner's hard work that superior persons can remain superior. You and I......all of us really owe much to the poor coal-miners who work down the mines under hard circumstances. Full of coal dust they are driving their shovels down the mine.

## पाठ का सारांश

कोयला हमारे दैनिक जीवन में अत्यन्त महत्व पूर्ण वस्तु है। सभी मशीनें प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कोयले पर निर्भर हैं। हम कोयले का प्रयोग अनेक प्रकार से करते हैं।

खान से कोयला निकालने की क्रिया––खानों से कोयला बाहर निकालने की वास्तविक क्रिया अच्छी तरह गौर करने काबिल है। प्रायः दर्शकों को (अन्य व्यक्तियों को) खान के अन्दर जाने की उस समय इजाजत नहीं मिलती है, जब कि वहां पर श्रमिक अपने कार्य में लगे होते हैं। यदि तुम्हें ऐसे समय पर वहां जाने का अवसर मिल जाता है, तो तुम देखोगे कि वहां पर मशीनों का शोर होता रहता है तथा वायु कोयले की धूल से काली रहती है। उस समय यह स्थान नर्क के समान होता है। कोयले की खान में बहुत तेज गर्मी, गड़गड़ाहट, अव्यवस्थित अन्धेरा तथा खतरा बना रहता है। कोयलों की खान में विद्युत-टार्च तथा डेवी के सेफ्टी लैम्प की धीमी रोशनी के अतिरिक्त और कोई प्रकाश भी नहीं होता है। वहां पर खान में कार्य करने वाले लोग गन्दे वातावरण में कार्य करते हैं।

कोयलों की खान में कार्य करने वाले श्रमिकों का कार्य––कोयला की खान के अन्दर श्रमिक अत्यन्त कड़ा परिश्रम करते हैं। कठोर चट्टानों को काट कर वे एक संकुचित सी गैलरी बना लेते हैं तथा कोयले की सतह के नीचे से कोयला खोद कर निकालते हैं। यह प्रायः भयानक तथा मनुष्य की समर्थता से बाहर (दैविक का कार्य है)। खान के अन्दर उनका कार्य अत्यन्त ही सख्त होता है। वहाँ पर श्रमिकों को पूरे समय झुके रहना पड़ता है तथा इस स्थिति में मजदूरों के लिये फावड़ा चलाना अत्यन्त कठिन होता है।

खान में नीचे बहुत तेज गर्मी भी पड़ती है। कभी कभी यह दम घोंटने

वाली होती है । श्रमिकों का सम्पूर्ण शरीर कोयले की धूल से ढका रहता है परन्तु श्रमिक तो कार्य करते रहते हैं, और ऐसे प्रतीत होते हैं कि मानों वे लोहे के बुत जैसे दिखाई देते हैं क्योंकि कोयले की धूल उन्हें एड़ी से चोटी तक ढके हुए होती है । ये श्रमिक अपने काम को बिना अवकाश के साढ़े सात घण्टे तक जारी रखते हैं । वास्तव में उन्हें मुश्किल से १५ मिन्ट का समय खाली मिलता है जब क शिफ्ट बदलने के समय पर वे अपना खाना खा सकते हैं ।

कोयला-श्रमिकों का अतिरिक्त शारीरिक कार्य--इन मजदूरों को अपने दैनिक कार्य के भाग के रूप में ही अतिरिक्त शारीरिक कार्य भी करना पड़ता है । कभी कभी उन्हें खान की गहराई से कोयला खोदने की जगह तक जाने के लिये ५ मील तक का फासला झुक कर चलते हुए ही पार करना होता है । वहां पर वे झुके रहते हैं और अपने सरों को ऊंचा रखते हैं ताकि शहतीरों तथा गार्डर से अपने को बचा सकें । खान में इधर उधर झुक कर चलने का यह भयानक कार्य सदा ही करना पड़ता है और यह मजदूरों को अपना कोयला खोदने के साधारण कार्य के अतिरिक्त करना पड़ता है । यह तो उनका बिल्कुल अतिरिक्त कार्य है जिसकी कोयला खोदने के काय के साथ साथ ही आवश्यकता पड़ती है । यह कठिन कार्य प्रतिदिन साढ़े सात घण्टे तक जारी रहता है । एक साधारण व्यक्ति इतना अधिक कठिन कार्य करने में असमर्थ रहता है । ऐसा कार्य तो किसी साधारण की कुछ ही सप्ताह में जान ले सकता है ।

खान के नीचे कोयला-श्रमिकों की दुनियां—खान के नीचे कोयला श्रमिकों की अपनी एक दुनियां है और अधिकांश मनुष्य तो इसके विषय में सुनना भी पसन्द नहीं करते हैं । परन्तु यह हमारी ऊपरी दुनियां का एक पूर्णांत या आवश्यक तथा सहायक अंग है । वास्तव में हमारे जीवन के प्रत्येक कार्य में कोयले का प्रयोग होता है । इसको शांति अथवा युद्ध दोनों ही समय पर आवश्यकता होती है । परन्तु हमें यह ज्ञात नहीं है कि लोग कोयला कैसे प्राप्त करते हैं । हम तो केवल यह जानते हैं कि 'हमे कोयला की आवश्यकता है जो कि प्राकृतिक साधनों से प्राप्त होता है । हम कभी यह याद नहीं रखते हैं कि सड़क के सैकड़ों फुट नीचे खान में काम करने वाले रहते हैं जो कि कोयला की दुनियां में कार्य करते हैं । खान के नीचे उनकी लैम्प के प्रकाश से प्रकाशित दुनियां ही हमारी इस

दिन की रोशनी से जगमगाती हुई दुनिया के लिये आवश्यक है। (अर्थात दुनियां के लिये कोयला अत्यन्त आवश्यक है)।

कोयले की खानों की पहिले समय में दशा—केवल कुछ समय पूर्व ही खाने इससे भी खराब थी जितनी कि वे आजकल है। पहिले, स्त्रियां अपनी कमर मे पट्टियां (जीन) कसे हुए तथा अपने टांगों में जंजीर बांधे हये खानों में कार्य करती थी। कोयले के टब्स (तसलों) को खींचने के लिये वे अपने हाथों तथा घुटनों के बल सरकती थी। वे इस प्रकार का कार्य अपने गर्भवती रहने के काल में भी किया करती थी परन्तु आजकल उनकी दशाओं में सुधार हो गया है। यह वास्तव में बड़े दुख की बात है कि हम अपने व्यस्त जीवन के कारण खान में कार्य करने वाले श्रमिकों के कठिन कार्य के विषय में विचार करना भी पसन्द नहीं करते हैं।

मनुष्य स्वयम् को साधारण श्रमिक की तुलना में अधिक ऊंचा तथा बुद्धिमान समझता है। हम यह भूल जाते हैं कि यह केवल श्रमिकों तथा खान में कार्य करने वाले मजदूरों के कठिन कार्य से ही ऐसा है कि ऊंचे लोग ऊंचे ही बने रह सकते हैं। तुम और मैं .... हम सब बेचारे कोयला श्रमिकों के अत्यन्त ऋणी है जो कि खान के नीचे कठिन परिस्थितियों में कार्य करते हैं कोयले की धूल से सने हुए वे खान के नीचे अपने फावड़े चला रहे हैं।

**Word-Meanings Hindi Translation and explanation**

### Key Question 1 Page 89 Para 1

Meanings—Founded–established आधारित-है। realizes—feels अनुभव करना। actual—real वास्तविक। process—course प्रक्रिया। extracted—drawn out निकाला जाता है। willing—wished इच्छुक।

हिन्दी अनुवाद—हमारी सभ्यता, जितना कि व्यक्ति सोचता है, उस से भी अधिक कोयले पर निर्भर है। यह इतनी अधिक निर्भर है कि व्यक्ति इसके विषय में सोचना भी बन्द कर देता है। मशीने जो हमें जीवित रखती है तथा मशीने जो दूसरी मशीनों को बनाती है वे सब प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप में कोयले पर निर्भर है। इसलिये यदि तुम्हें अवसर मिलता हैं और तुम कष्ट उठाने के इच्छुक

हो तो वह समस्त क्रिया गौर से देखने काबिल है जिस प्रकार से कि कोयला बाहर निकाला जाता है।

Page 89–90 Para 2

Meanings—Coal face—the place where coal is actually being cut वह स्थान जहां पर कोयला वास्तव में काटा जाता है। fillers–they are the coal miners who cut the coal at the coal face and shovel it on to the tubs of coal on rails वे श्रमिक जो कोयले की खान के अन्दर कोयला काटते हैं और इसे फावड़ों से भरते हैं। nuisancs–anything offensive बाधा-उत्पत्ति। impression—idea विचार। totally—completely पूर्णतया:। hell—नरक। imagines—think कल्पना करना। confusion—disorder अव्यवस्था-कोलाहल। foul air—गन्दी हवा dirty air। unbearably–that can not be borne जिसको सहन न किया जा सके। cramped space—limited space सीमित स्थान। feeble –weak कमजोर। beams–rays किरण। davy lamps–miner's safety lamp invented by Sir Humphry Davy डेवी का अभय द्वीप। scarcely—hardly मुश्किल से। penetrate–to pierce प्रविष्ट होना, छेदना।

हिन्दी अनुवाद–जब तुम कोयला की खान में नीचे जाते हो तो उस स्थान पर जाने का प्रयास करना अच्छा है जहां पर कि कोयला खोदा जाता है और श्रमिक कार्य में लगे होते हैं। यह सरल नहीं हैं, क्योंकि जबकि खान में कार्य हो रहा होता है, आगुन्तक एक बाधा उत्पन्न करते हैं और उन्हें प्रोत्साहन नहीं दिया जाता है। परन्तु यदि तुम किसी अन्य समय पर जाओ, तो यह सम्भव है कि तुम बिल्कुल गलत धारणा बनाकर आओ। उदाहरण के तौर पर, रविवार के दिन खान प्रायः शांति पूर्ण प्रतीत होती है। वहां जाने का तो वह समय है जबकि मशीने शोर करती हैं तथा वायु कोयले की धूल से काली हुई रहती हैं और जब आप वास्तव में यह देख सकते हैं कि खान में कार्य करने वाले मजदूर क्या कार्य करते हैं। उस समय यह स्थान नरक के समान होता है अथवा मेरे

विचार से नरक का जो चित्र वह किसी भी रूप में वहां दिखाई देता है अधिकांश वस्तुयें जिनकी कोई नरक में कल्पना करता है वे वहां पर (खान में) हैं-गर्मी, शोर, कोलाहल, अंधेरा गन्दी हवा और इतना सीमित स्थान की शरीर को पूर्णतया: हिलाने-डुलाने में भी कठिनाई प्रतीत हो। आग के अतिरिक्त प्रत्येक वस्तु क्योंकि वहां पर नीचे डैवी के अभय दीप तथा विद्यूत टार्च की धीमी रोशनी के अतिरिक्त और कोई रोशनी नहीं होती है तथा यह प्रकाश कोयले के धूल में मुश्किल से ही प्रवेश कर पाता है (इसलिये वहां पर प्रत्येक वस्तु काली ही दिखाई देती है)।

**Exp.**—Most of things............coal dust. Page 89-90

**Ref.**–These lines have been taken from the lesson, 'Down the Mine', written by George Orwell.

**Cont.**—In this lesson the author tells us in simple language how coal is extracted from the coal-mines. The miners have so work very hard to get coal from the coal face. This whole process is worth-watching.

**Exp.**–Here the author gives a clear picture of coal-mines. They are just like hell. There are heat-noise-confusion, darkness foul air and limited space down the mine. With all these things it presents the picture of the hell. We imagine all such conditions in hell. So all our imaginations about hell become real when we have a chance to go down the mine. There is no light or fire in a coal mine except the very dim light of Devy lamps and electric torch. The air is always black with dust. The dim rays of the light cannot penetrate even the clouds of coal dust as a result of which there is complete darkness down the mine. Hence it really appears like a hell.

सन्दर्भ—ये पंक्तियां 'डाउन दी माईन' शीर्षक पाठ से ली गई हैं इसके लेखक जार्ज ओरवल हैं।

प्रसंग—इस पाठ में लेखक सरल भाषा में यह बताते हैं कि कोयला की खानों से कोयला बाहर कैसे नकाला जाता है। खान में कार्य करने वाले मजदूरों को कोयले की चट्टानों से कोयला प्राप्त करने के लिए कठिन परिश्रम करना पड़ता है। यह सम्पूर्ण क्रिया देखने काबिल है।

व्याख्या—यहां पर लेखक कोयले की खान का स्पष्ट चित्र खींचते हैं। वे हो

बिल्कुल नरक के समान है। खान के नीचे गर्मी-शोर-कोलाहल, अन्धेरा गन्दी हवा तथा सीमित स्थान रहता है। इन सब चीजों के साथ यह नरक का सा दृश्य उपस्थित करती है। नरक में भी हम इन सभी दशाओं की कल्पना करते हैं। इसलिए हमारे समस्त कल्पनाएं वास्तविक प्रतीत होती हैं जबकि हमें खान के अन्दर जाने का अवसर प्राप्त होता है। डैवी के अभय दीप तथा विद्युत टार्च की रोशनी के अतिरिक्त खान के अन्दर कोई प्रकाश भी नहीं होता है। ये रोशनी की धुंधली किरणों कोयले की धूल तक में प्रविष्ट नहीं हो पाती है जिसके परिणाम स्वरूप खान में पूर्ण अन्धकार दिखाई देता है। इसलिए वह वास्तव में नरक समान दिखाई देती है।

## Key Question 2 Page 90 para 1

Meanings—Job--work कार्य । crawl--to walk on hand or feet रेंगना। pit props–support used to prevent the earth from caving in the shafts of coal mine कोयला की खान में मिट्टी (खान की दीवारों से गिरने वाली) गिरने से रोकने के लिए कुछ आधार.। shiny--चमकदार। smooth–clean साफ। underneath--beneath नीचे। gallery--a long narrow passage in a coal mine कोयला की खान बनाया हुआ एक लम्बा तथा संकरा मार्ग। ledge of coal कोयला की पर्त जिसके ऊपर मिट्टी या चट्टान होती है। probably--possible सम्भवत।

हिन्दी अनुवाद—अन्त में जब तुम वहां पहुंच जाते हो, और वहां पहुंचना तो स्वयं एक कठिन कार्य है, तो तुम खान के भीतर बनाए गए आधारों की अन्तिम पंक्ति तक पहुंचने के लिए रेंग कर चलते हो और अपने सामने एक तीन या चार फुट ऊंची चमकदार कालो दीवार देखते हो। यह कोयला खोदने का स्थान है। सिर के ऊपर एक साफ छत होती है कि चट्टान में से कोयला काटकर बनी हुई होती है, नीचे फिर एक चट्टान होती है। इसलिए वह गैलरी, जिसमें कि तुम होते हैं, केवल इतनी ही ऊंची होती है जितनी कि कोयले की चट्टान वाली दीवार होती है—सम्भवतः यह एक से ज्यादा चौड़ी नहीं होती है।

## Page 90 & 91 Pora 2

Meanings—A pang of envy—a strong feeling of envy अत्याधिक तेज ईर्ष्या की भावना । thoughness—hardness कठोरता । dreadful–fearful भयानक । super-human–beyond human-powers मनुष्य की शक्ति से परे का कार्य । monstrous quantities—enormous amounts अत्याधिक मात्रा । doubles or trebles—makes it twice or thrice इसे दुगना या तिगुना बना देता है । kneeling—bending झुके रहना । tremendous-great महान । shovelling—बेलचा चलाना । compartively—in comparison to तुलनात्मक रूप में । thigh—जान्घ । strain–exertion जोर । belly muscles—पेट की मांसपेशियां । varies—differs भिन्न २ होती है । suffocating—choking दम घोटने वाली । stuffs us—fills us भर जाती है । nostrils—नाक के नथने । eyelids—पलकें । hammered iron–iron shaped by hammer blows हथाड़े से पीटा गया लोहा । statues—idols बुत । coat–layer पर्त । cling—चिपट जाती है । spectacle—scene दृश्य । bowed–bend झुके हुए । sooty—full of soot कालिमा से भरा हुआ । stupendous—amazing आश्चर्य जनक । theoritically without a break—the rules allow no time for rest ये नियम आराम के लिए कोई समय प्रदान नहीं करते हैं । time 'off'—time away from work खाली समय । snatch a quarter of an hour—take fifteen minutes 'off' hastly जल्दी से १५ मिनट का समय खाली मिल जाता है । shift—rotation चक्र-पारी । a hunk of bread-a clumsy piece of bread रोटी का मोटा टुकड़ा । dripping-shorba—शोरबा ।

हिन्दी अनुवाद—मजदूरों के कठोर कार्य के प्रति ईर्ष्या की भावना किए बिना (असन्तोष प्रकट किए बिना) उसको (खान में कार्य करने वाले श्रमिकों को) काम करते हुए देखना असम्भव है । जो कार्य वे करते हैं, वह बहुत ही भयानक

है तथा साधारण व्यक्ति के दृष्टिकोण से वह एक दैविक कार्य है क्योंकि वे केवल बहुत अधिक मात्रा में कोयला ही नहीं उठाते हैं बल्कि वे ऐसी स्थिति में कार्य करते हैं जिनसे उनका कार्य दुगना या तिगुना हो जाता है। उन्हें पूरे समय झुके रहना पड़ता है—वे बिना छत से टकराए मुश्किल से अपने घुटने सीधे करके खड़े रह सकते हैं—और तुम स्वयं यह कोशिश करके अर्थात यह कार्य देख सकते हो कि इस कार्य में कितना कठिन प्रयत्न करना पड़ता है। जब तुम खड़े हुए होते हो तो उस समय फावड़े से कोयला उठाना सरल होता हे क्योंकि तुम फावड़े को उठाने में घुटने तथा जान्घों का प्रयोग कर सकते हो। झुके हुए रहने पर सारा जोर तुम्हारी भुजाओं तथा पेट की मांसपेशियों पर पड़ता है और अन्य दशाओं में कार्य करना अधिक सरल नहीं होता है, वहां पर गर्मी पड़ती है—यह बदलती रहती है पर कुछ खानों में तो यह दम घोटने वाली होती है—और कोयले की धूल तुम्हारे गले तथा नाक के नथनों को भर देती है तथा तुम्हारी पलकों पर भी इकट्ठी हो जाती। परन्तु कोयला भरने वाले ऐसे कार्य करते हैं तथा दिखाई देते हैं मानो कि वे लोहे के बने हुए हैं। वास्तव में वे लोहे के समान दिखाई देते हैं—लोहे की बनी हुई मूर्तियां कोयले की धूल के नीचे दिखाई देती है जो कि (धूल) उन्हें सर से पांव तक ढके हुए होती है। जब तुमने एक बार ऐसा देखा हो, तो तुम कभी भी इस दृश्य को नहीं भूल सकते हो। झुके हुए व्यक्ति घुटनों के बल झुकी हुई आकृतियां, चारों तरफ से कालिमा से ढ़के हुए (मजदूर) आश्चर्य जनक शक्ति तथा गति से अपने फावड़ों से कोयला खोदते रहते हैं। वे साढ़े सात घन्टे तक बिना रुके हुए कार्य करते हैं क्योंकि वहां पर कोई खाली समय नहीं मिलता है। वास्तव में शिफ्ट के बदलने के समय १५ मिनट का समय बड़ी मुश्किल से उन्हें वह खाना खाने के लिए मिल पाता है—भोजन एक रोटी का टुकड़ा, शोरुबा तथा एक ठंडी चाय की बोतल जो कि वे अपने साथ लेकर आए हुए होते हैं।

**Exp.**—They really do look......force and speed. **(Imp.)**

**Ref.**—These lines have been taken from the lesson, 'Down the Mine', written by George Orwell.

**Cont.**—The coal miners have to take up very hard work

down the mine. It is really a dreadful job that they do there.

**Exp.**—There is suffocating heat down the mine. The coal dust fully covers the miner's bodies. The workers full of coal dust look like iron-statues. One, who sees them in such circumstance, can never forget the scene down the mine. There the miners are doing the hard work of cutting and filling the coal and driving their huge shovels with full force and speed. They are the kneeling and sooty figures who work speedily down the mine. It is really a pathetic scene to see the coal-miners at work. They work with amazing force and great speed.

व्याख्या—खान में नीचे दम घोटने वाली गर्मी होती है। कोयले की धूल पूरे तरह से खान में कार्य करने वाले मजदूरों के शरीरों को ढके हुए होती है। कोयले की धूल से सने हुए श्रमिक लोहे की तस्वीरों के समान दिखाई देते हैं। जो कोई भी उन्हें इन परिस्थितियों में देखता है, वह कभी खान के अन्दर के दृश्य को भूल नहीं पाता है। वहां पर श्रमिक कोयला काटने तथा भरने के कठिन कार्य को कर रहे हैं तथा पूर्ण शक्ति तथा तेज गति से अपने फावड़ों को चला रहे हैं। वे झुके हुए कालिमा से सनी हुई मूर्तियां हैं जो कि खान में नीचे तेजी से कार्य करते हैं, कोयला मजदूरों को कार्य करते हुए देखना वास्तव में अत्यन्त ही करुणा जनक दृश्य है। वे तो आश्चर्य जनक शक्ति तथा महान गति से कार्य करते हैं।

## Key Question 3 Page 91-92-93 Para 1

Meanings—Vaguelly—अस्पष्ट रूप से। stepping out—coming out बाहर निकलते हुये। cage—an enclosed structure made of wires, bars etc. in which coal-miners are carried from the top of the coal mine to the pit bottom and back खान के अन्दर मजदूरों के ले जाने वाला पिञ्जड़ा, झूला। the pit bottom–the bottom level of the coal mine where the shafts begin कोयले की खान का निचला भाग। fairly—largely पर्याप्त रूप से। bear no relation—cannot be

compared to तुलना नहीं की जा सकती है। ground-land भूमि। to bend double—to bend the body sharply at the waist शरीर को दुहरा कर लेना, झुका लेना। beam--शहतीर। girders—beams made of iron गार्डर। dodge—to trick to start aside एक तरफ हटा देना या धोखा देना। crick in the neck —a painful twist of muscles in the neck गर्दन में लचका हो जाना। exaggerating--बढ़ा चढ़ा कर कहना। agony—pain कष्ट। emphasise--stress जोर देना। frightful—hateful घृणित। crawling to and fro-moving a head and back on hands and knees घुटनों तथा हाथों के बल आगे पीछे की ओर चलना। merely an extra—a painful work over and above the normal task of the day दैनिक साधारण कार्य के अतिरिक्त कष्ट पूर्ण कार्य। sandwiched in between--put or squeezed in between बीच में फंस जाना। savage—wild भयानक। perform on a flying trapeze-swing and do tricks on a short horizontal bar, hung at a height by two ropes like circus performance ऊंचे बन्धी हुई लोहे की नली पर लटक कर कार्य करना जैसे कि सरकस में दिखाया जाता है। the Grand National—the famous annual horse race in England इंगलैंड में होने वाली प्रसिद्ध वार्षिक घुड़ दौड़। a manual labourer—शारीरिक कार्य करने वाला मजदूर। at a pinch-in an emergency if necessary आवश्यकता के समय पर। a tenth rate farm hand—a thoroughly in competent farm labour खेत पर कार्य करने वाले अयोग्य या बहुत कम जानकर श्रमिक। conceivable —thoughtful विचार वान। effort-work कार्य।

हिन्दी अनुवाद-खान के अन्दर जाने से पहले मैंने यह अस्पष्ट रूप से कल्पना कर रक्खी थी खान में कार्य करने वाले मजदूर पिञ्जडे में से उतर कर केवल कुछ गज की दूरी पर कोयला की चट्टानों से कोयला काटने का कार्य आरम्भ

कर देते हैं। यदि खान के नीचे मे कोयला काटने के स्थान तक का फासला एक मील का हो, जो कि सम्भवतः एक औसत दूरी है, तो वह वहां पर सामान्यतः तीन मील जैसी दूरी होती है और कुछ खानों में तो यह दूरी पांच मील तक की बताई जाती हैं परन्तु इन फासलों का जमीन के ऊपर फासले से कोई सम्बन्ध नहीं है। क्योंकि चाहे वह दूरी एक मील की हो अथवा तीन मील की हो—वहां पर कोई मूल्य सड़क के समान कोई ऐसा स्थान नहीं होता है जहां पर मनुष्य सीधी स्थिति में खड़ा हो सके। तुम्हें वहाँ पर केवल दुगना ही नहीं झुकना पडता परन्तु अपने सर को सम्पूर्ण समय ऊंचा उठाए रखना पड़ता है ताकि तुम शहतीरों तथा गार्डर को देख सको तथा उनसे बचकर अलग हट सको जबकि वे आते हैं (खान के अन्दर बहुत से शहतीर तथा गार्डर इधर से उधर मशीनों द्वारा चलते रहते हैं) इसलिये तुम्हारी गर्दन में स्थायी रूप से लचका (झुकाव) आ जाता है। परन्तु यह घुटनों तथा जान्घों के दर्द के सामने कुछ भी नहीं है। आधा मील चल लेने के पश्चात यह एक असहनीय कष्ट हो जाता है—मैं यह वर्णन अतिशयोक्ति पूर्ण ढग से नहीं कर रहा हूँ। परन्तु मैं यह बात समझाना चाहता हु कि वहाँ पर इधर उधर झुक कर चलने का अत्यन्त भयानक कार्य है जो कि किसी भी साधारण व्यक्ति के लिये यह स्वयं सम्पूर्ण दिन का कठिन कार्य है और वहां तो यह खान में कार्य करने वाले मजदूरों के दिन के कार्य का भी भाग नहीं है यह तो केवल एक उनका अतिरिक्त कार्य है। खान का श्रमिक अपनी यात्रा इधर उधर करता है तथा कठिन कार्य करते हुए साढ़े सात घण्टे तक इसी अवस्था में फंसा रहता है। खान में कार्य करने वालों का कार्य मेरी शक्ति से उसी प्रकार परे है जैसा कि दूर रस्सियों पर लटके हुए लोहे के डंडे पर (सरकस की तरह से) कोई कार्य करना या इंगलैण्ड में होने वाली प्रसिद्ध वार्षिक घुड़ दौड़ को जीतना। मैं शारीरक परिश्रम करने वाला मजदूर नहीं हूं तथा ईश्वर की कृपा से मैं कभी ऐसा बनूंगा भी नहीं परन्तु कुछ इस प्रकार के शारीरिक कार्य हैं कि यदि मुझे करने पड़ जाय तो मैं उन्हें कर सकता हूं। आवश्यकता के समय मैं सड़क पर झाडू लगाने वाला महतर या अयोग्य माली अथवा खेत पर काम करने वाले कम जानकार मजदूर के कार्य को भी कर सकता हूं परन्तु किसी भी विचार से प्रयत्न प्रशिक्षण प्राप्त करने पर भी

मैं कोयले की खान में कार्य करने वाला श्रमिक बनना सहन नहीं कर सकूंगा। वह कार्य तो मुझे कुछ हीं सप्ताह में मार डालेगा।

**Exp.**—But what I want.........an extra. **(Imp.)** Page 92

**Ref.**–These lines have been taken from the lesson, 'Down the Mine', written by George Orwell.

**Cont.**—The workers in a coal mine have to keep themselves kneeling all the while so as to save them from the beams and girders, that move over their heads. For this they have to keep their heads up also. In this way they have a constant crick in their necks.

**Exp.**—The miners feel an unbearable pain down a coal mine. It is not an exaggeration to describe the strange position of the coal miners. There is always the fearful work of moving ahead and back on hands and knees. It is beyond the capacity of an ordinary person. More over, it is painful to note that this frightful business of crawling is not regarded as a part of the miner's daily work. They have to remain in this position in order to do their usual task. These are the painful tasks over and above the normal work of the day. Besides their main work of cutting and filling the coal, it is an extra work that is required of a coal miner. Thus theirs is the hardest work down the mine.

व्याख्या—कोयला की खान के नीचे श्रमिकों को अत्यधिक कष्ट का अनुभव होता है। कोयला की खान में कार्य करने वाले श्रमिकों की इस अद्भुत स्थिति का वर्णन करना अतिशयोक्ति पूर्ण नहीं हैं। यहां पर हाथों तथा पैरों के बल रेंग कर चलने का भयानक कार्य सदैव ही करना पड़ता है। यह साधारण मनुष्य की योग्यता से परे का कार्य है। इसके अतिरिक्त यह जानकर बड़ा दुख होगा कि झुक कर चलने का यह भयानक कार्य श्रमिकों के दैनिक कार्य का भाग नहीं समझा जाता है। उन्हें अपना दैनिक कार्य करने के लिये इस स्थिति में भी रहना पड़ता है—यह तो प्रतिदिन के साधारण कार्य के अतिरिक्त कष्ट कारक कार्य है। कोयला काटने तथा भरने के अपने मुख्य कार्य के अलावा कोयले की खान के मजदूरों को यह अतिरिक्त कार्य (झुक कर चलने का) करने की भी आवश्यकता होती है। इस प्रकार खान के नीचे उनका कार्य कठिनतम है।

**Exp.**—The miner's job.........Grand National. Page 92
(V. Imp.)

**Ref.**–These lines have been taken from the lesson, 'Down the Mine', written by Geroge Orwell.

**Cont.**—The writer has explained that the coal miners have to work an extra work of crawling in a coal-mine. They have to perform their hard duties for about seven and half hours daily.

**Exp.**—The author is disgusted to see the coal-miner's at work. Theirs is the work beyond the capacity of an ordinary man. Such a hard work is very difficult for the author too. It is as difficult as to swing and do tricks on a short horizontal bar that is hung at a height by two ropes. It appears him a similar work to those of circus performers. The work appears him as difficult as to win the famous annual horse race in England.

**Note**—In this horse race, known as the Grand National, the horses have to jump over several high obstacles before the finish. It is very difficult to win that race. So the writer compares the work of a minor to that horse-race.

व्याख्या—लेखक कोयले के खान में काम करते हुये श्रमिकों को देखकर निराश हो जाता है। उनका कार्य तो साधारण मनुष्य की योग्यता से परे का है। इस प्रकार का कठिन कार्य तो लेखक के लिये भी बड़ी मुश्किल है। यह तो उतना ही कठिन है जितना कि लोहे की छड़ पर लटक कर तमाशा दिखाना कठिन होता है, जो कि दो रस्सियों की मदद से ऊपर टांग दी जाती है। उसको तो यह सरकस का तमाशा दिखाने वालों के कार्य के समान प्रतीत होता है। यह कार्य तो इंगलैण्ड में होने वाली प्रसिद्ध वार्षिक घुड़ दौड़ को जीतने के समान कठिन प्रतीत होता है।

नोट—इस घुड़ दौड़ में, जिसको 'शानदार नेशनल दौड़' कहकर पुकारते हैं, दौड़ समाप्त करने से पहले घोड़ों को कितने ही ऊंची २ रुकावटों के ऊपर को कूदना पड़ता है। इस दौड़ को जीतना बड़ा कठिन है—अतः लेखक खान के श्रमिक के कार्य की तुलना घुड़ दौड़ से करता है।

## Key Question 5 Para 93–94 Para 1

Meanings—Watching—looking at देखते हुये । momentarily—for a moment एक क्षण के लिये । what different universe people in habit—there is a vast difference in our lives and the coal miners हमारे जीवन तथा खानों में काम करने वाले लोगों के जीवन में काफी अन्तर है । a sort of world apart —a distant and different world altogether पूर्णतया: एक दूसरी तथा कहीं दूर बसने वाली दुनिया । *yet it is world above* —the coal mine and our *civilization are inter dependent. Both worlds are necessary for the progress of* civilization कोयले की खान तथा हमारी सभ्यता एक दूसरे पर निर्भर है । दोनों दुनिया–हमारी सभ्यता के लिये आवश्यक है । eating an ice—eating ice-cream आईस क्रीम खाना । the Atlantic—the ocean touhing the American continents to the west and Europe and Africa to the east अन्ध महासागर । baking a loaf—cooking a loof of bread by dry heat रोटी पकाना । the arts of peace—human activities in times of peace शांति के समय पर मानवीय क्रियाएं । involves—includes सम्मिलित किये हुये हैं । all the more–even more और भी अधिक । fort night—a period of two weaks, leather jerkins—short close fiting jackets of leather चमड़े की बनी हुई, जाकिट या जरकिन । stout sacks–strong bags मजबूत बोरे । tar —तारकोल । stuff—material सामग्री । mysteriously—secretly गुप्त रूप से । manna–something unexpectedly supplied, food provided by God अमृत । hacking at the coal—striking heavy blows at the ledge of coal कोयले को तेजी से जोर से खोद रहे हैं । lamp lit world—there is no light in a coal mine except that of Davy Lamps.

Miners depend completely on this dim light लैम्प के प्रकाश से प्रकाशित दुनिया।

हिन्दी अनुवाद—कोयले की खान में कार्य करते हुये मजदूरों को देखकर तुम एक क्षण के लिये यह अनुभव करते हो कि हमारे जीवन तथा खान में काम करने वाले लोगों के जीवन में कितना अन्तर है। खान के नीचे जहां पर कोयला खोदा जाता है एक प्रकार की दुनिया है जिसके विषय में बिना सुने हुये मनुष्य सरलता पूर्वक अपना सम्पूर्ण जीवन व्यतीत कर सकता है। सम्भवतः अधिकांश लोग तो उसके विषय में सुनना भी पसन्द नहीं करेंगे परन्तु खान में कार्य करने वाले की यह दुनिया हमारी इस ऊपरी दुनिया का एक आवश्यक सहायक भाग है। वास्तव में प्रत्येक कार्य जो हम करते हैं—आईस क्रीम खाने से अटलान्टिक महासागर पार करने तक तथा एक रोटी का टुकडा पकाने से उपन्यास लिखने तक हमें प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कोयला के प्रयोग की आवश्यकता होती है। शांतिकाल में अनेक कलाओं (ललित कलाओं) के विकास के लिये कोयले की आवश्यकता पडती है—यदि युद्ध फैल जाता है तो कोयले की और अधिक जरूरत पडती है। परन्तु हमें, इसके विषय में पूर्ण ज्ञान भी नहीं होता है, हम सब तो केवल यह जानते हैं कि हमें कोयला चाहिये, परन्तु हम बहुत कम ही अथवा कभी भी यह ध्यान नहीं करते हैं कि कोयला कैसे प्राप्त होता है। यहां पर मैं बैठा हुआ हूं और अपनी कोयले की आराम दायक आग (अंगीठी) के सामने बैठा हुआ लिख रहा हूं। यह अप्रैल का मास है—फिर भी मुझे आग की जरूरत है। १५ दिन में एक बार दरवाजे के सामने कोयले की गाडी आती है और लैदर, जाकेट पहिने हुये कुछ मजदूर कोयले को बड़े बोरों में घर के अन्दर डाल जाते हैं, और इसमें से कोल तार की गन्ध आती रहती है। ऐसा बहुत ही कम होता है जब क मैं यह निश्चित मानसिक प्रयत्न करता हूं कि मैं इस कोयले को बहुत दूर खानों में होने वाले कार्य से सम्बन्धित करूं। यह कोयला है—कोई ऐसी वस्तु जिसे मुझे अवश्य ही प्राप्त करनी है—कोई काला पदार्थ जो कि रहस्यात्मक रूप से कहीं गुप्त जगह से आता है जैसे कि भगवान का भेजा हुआ अमृतफल हो हमको तो केवल इसका कुछ मूल्य देना पडता है। तुम सरलता पूर्वक इंगलैण्ड के उत्तर में कार चला सकते हो

परन्तु एक बार भी यह याद नहीं करते हो कि जिस सडक पर तुम हो उसके सैकडों फीट नीचे कोयले की खान के श्रमिक तेजी से कोयला खोदने का कार्य कर रहे हैं। फिर भी एक अर्थ में–यह कोयले की खान में कार्य करने वाले श्रमिक ही है—जो कि तुम्हारी कार को चला रहे हैं अर्थात इनके परिश्रम के कारण ही हम लोग उन्नतिशील कार्य कर पाते हैं।) उनकी नीचे लैम्प के प्रकाश से प्रकाशित दुनिया ऊपर के दिन के प्रकाश से प्रकाशित संसार के लिये उतनी ही आवश्यक है, जितना कि फूलों के लिये जड की आवश्यकता होती है।

**Exp.**—Down thers where............world above, **Imp.**

**Ref.**–These lines have been taken from the lesson, 'Down the Mine', written by George Orwell.

**Cont.**–Here the writer explains the importance of coal in our day-to-day life. We are very much indebted to the miners who take up hard work of cutting and digging coal down the mine.

**Exp.**—There is a vast difference between the place in life, out look and surroundings of the average citizen and the coal miner. These miners live in a differcnt world of their own. Theirs is the dark world down the mine where they work hard and spend most part of their life. But people do not know about this world Most of us pass the whole period of our lives without any knowledge of the hard life of a coal miner, Actually we are so busy that we do n't like to hear the sad experiences of coal miners. But our civilization and the coal miners are independent to each other.

व्याख्या—एक साधारण नागरिक तथा कोयला की खान में करने वाले श्रमिक के जीवन में स्थान, दृष्टिकोण तथा वातावरण के सम्बन्ध में महान अन्तर है। ये मजदूर अलग से ही अपनी एक दुनिया में रहते हैं। उनकी काली दुनिया खान के नीचे है। जहां पर वे परिश्रम करते हैं तथा अपने जीवन का अधिकांश भाग व्यतीत करते हैं। परन्तु लोगों को इस दुनिया के विषय में ज्ञान नहीं है। बहुत से व्यक्ति तो अपना समस्त जीवन गुजार देते हैं परन्तु उन्हें कोयले की खान के मजदूर के कठिन जीवन का तनिक भी ज्ञान नहीं होता है। वास्तव में हम इतने अधिक व्यस्त है कि हम कोयले की खान में कार्य करने वाले मजदूरों के जीवन के विषय में सुनना भी पसन्द नहीं करते हैं। परन्तु

हमारी सभ्यता तथा कोयले की खान एक दूसरे पर बहुत अधिक निर्भर है।

**Exp.**—Yet in a sense............the flower. Imp.

**Ref.**–These lines have been taken from the lesson, 'Down the Mine', written by George Orwell.

**Cont.**– Coal is very necessary for our civilization. It is needed in peace as well as in war times. Without coal we can not progress in the world.

**Exp.**—The author says that we never know about the hard fate of coal workers. We lead a comfortable life, driving a car on the road of North England, but never think that the miners are working in mines hundreds of feet below the road. Actually the miners drive our cars on the road. They provide us with money and comforts through their hard labours down the mine. The poor miners work for the rich and the mill owners, they help us in making our life easy and comfor able.

These dark mines are a part and parcel of our lives. We connot progress without them. The lamp-lit world of the miners is as necessary to the outer-world above as root is to the flower.

व्याख्या—लेखक कहता है कि हम कोयले की खान के मजदूरों के भाग्य के विषय में तनिक भी नहीं जानते हैं। इंगलैंड के उत्तर में सड़क पर कार चलाते हुये हम तो आराम दायक जीवन व्यतीत करते हैं परन्तु यह कभी नहीं सोचते कि सड़क के सैंकड़ों फीट नीचे श्रमिक खानों में कार्य कर रहे हैं। वास्तव में यह मजदूर ही सड़कों पर हमारी कारों को चलाते हैं। खानों के नीचे अपने कठिन कार्य को करके ही लोग हमें धन तथा आराम प्रदान करते हैं। गरीब मजदूर मिल-मालिकों तथा अमीरों के लिए कार्य करते हैं वे हमारे जीवन को सरल तथा आराम दायक बनाने में हमारी मदद करते हैं।

ये काली खाने हमारे जीवन का एक अभिन्न अंग है। हम उनके बिना उन्नति नहीं कर सकते हैं। खान में कार्य करने वालों की लैम्प के धीमे प्रकाश से प्रकाशित दुनिया ऊपर की बाहरी दुनिया के लिये इतनी आवश्यक है जितनी कि फूल के लिये जड़ आवश्यक होती है।

## Key Question 5 Page 94-95

Meanings—Underground—down the mine जमीन के

नीचे अर्थात खान में । with the harness round their waist—women workers in the mine had to wear special harness in order to drag tub of coal कोयले के टबों के घसीटने के लिये खान में कार्य करने वाली स्त्रियां एक प्रकार की जीन (पेटियां) कमर पर कसें रहती थी । on all fours—on hands and knees हाथों तथा घुटनों के बल । dragging—घसीटती हुई । pregnant—गर्भवती । to and fro–here and there इधर उधर । fancy–imagine कल्पना, dep ive–keep away बचाए रखना, वन्चित रहना । manual work –physical work शारीरिक कार्य । oblivious of its existance –forgetful of the fact that all types of manual work is needed for our civilization हम इस वास्तविकता को भूले हैं कि सभ्यता के लिये प्रत्येक प्रकार के शारीरिक कार्य की आवश्यकता है । can stand—can bear सहन कर सकते हैं । exaggeratedly owful–extremely dreadful अत्याधिक भयानक । vitally–chiefly मुख्य रूप । remote from our experience—far away from and apparently connected with our day to-day life हमारे दैनिक जीवन से अत्यन्त दूर तथा प्रायः असम्बन्धित है । veins—धमनियां । humilating—insulting अपमान जनक । status—position स्थिति । a superior person—a person who thinks himself above the common level because of his high place, education or work in life एक व्यक्ति जो अपने कार्य शिक्षा उच्च स्थान के कारण अपने को दूसरे व्यक्तियों की अपेक्षा अच्छा समझता है । it brought home to you—you realize तुम यह अनुभव कर पाते हो । sweat their guts out—work extremely hard अत्यधिक कठिन परिश्रम करते हैं । comparatively–in comparison to तुलनात्मक कठिन परिश्रम रूप से । decency—beauty सौन्दर्य । drudges—hard labour कठिन श्रम । blackened—made black काली कार देता था । steel स्टील—लोहा ।

हिन्दी अनुवाद—इस बात को अधिक समय नहीं हुआ है, जबकि खानों की दशाएं आज से भी अधिक खराब थी। अब भी कुछ थोड़ी बहुत बूढ़ी औरतें जीवित हैं जिन्होंने अपनी जवानी में भूमि के नीचे (खान में) कार्य किया है जो कि अपने कमर तथा सीने पर घोड़े की तरह से साज (पेटियां आदि) कैसे रहती थी तथा उनके पैरों के बीच एक जंज़ीर बन्धी होती थी वे अपने हाथ तथा पैरों के बल रेंगती हुई कोयले के टबों (तसलों) को खींचती थी। वे अपनी गर्भावस्था में भी इस प्रकार का कार्य करती थी और यदि अब भी गर्भवती स्त्रियों द्वारा बिना इधर उधर खींचे हुये कोयला नहीं निकाला जा सकता है तो यह मेरा अनुमान है कि कोयले से वन्चित होने के बजाय हम उन्हें यह कार्य करते रहने देते। परन्तु निःसन्देह हम अधिकांश समय में तो यह भूले होते हैं कि वे यह कार्य कर रही होगी। यही बात अन्य सभी प्रकार के शारीरिक कार्यों में है। यह हमें जीवित रखता है तथा हम तो इसके अस्तित्व (शारीरिक कार्य की आवश्यकता के विषय में) को भी भूल जाते हैं। किसी भी अन्य मजदूर की अपेक्षा, शायद खान में कार्य करने वाले मजदूर का शारीरिक कार्य अधिक महत्व पूर्ण है। केवल इसलिए नहीं कि उसका कार्य अधिक भयानक है परन्तु इसलिए भी कि यह अत्यन्त आवश्यक है तथा फिर भी यह हमारे दैनिक जीवन के अनुभवों से इतना दूर तथा प्रायः ओझल है तथा इतना अदृश्य है कि हम इसे ऐसे भूल जाते हैं जैसे कि हम अपनी धमनियों में प्रवाहित होने वाले खून को भूल जाते हैं। एक प्रकार से कोयले की खान में कार्य करने वाले मज़दूरों को देखना भी अपमान जनक है। यह तुम्हारे मन में एक क्षणिक सन्देह उत्पन्न कर देता है कि तुम्हारी इस स्थिति के विषय में तुम अन्य व्यक्ति के मुकाबले पर अधिक बुद्धिमान तथा अधिक ऊंचे व्यक्ति हो। क्योंकि तुम्हारी समझ में कम से कम उस समय, जबकि तुम उन्हें (मजदूरों को) काम करते हुये देखते हो यह आ जाता है कि मजदूरों के कठिन परिश्रम तथा पसीना बाहने के द्वारा ही यह सम्भव है कि ऊंचे लोग जीवन में उच्च ही बने रहते हैं। तुम और मैं हम सब वास्तव में अपने जीवन के पूर्ण सौन्दर्य के लिए तुलनात्मक रूप से खान में कार्य करने वाले गरीब मजदूरों के कठिन कार्य के ऋणी हैं जो आंखों तक काले हैं कोयले के धूल जिनके नशों में भरी हुई है और जो मजदूर अपनी स्टील की बनी अर्थात् अत्यन्त

कठोर पेट की मांस पेशियों के सहारे फावड़ों को चला रहे हैं।

**Exp.**—For it is brought.........muscles of steel. **V. Imp.**

**Ref.**—These lines have been taken from the lesson, 'Down the Mine', written by George Orwell.

**Cont.**—Here the author tells us about the important work of the coal-workers. They are the real founders of our civilization. It is because of them that we remain superior in life.

**Exp.**—Generally people do not like to hear of the hard life of a coal-worker. If we see the coal-miners at work, we come to understand the hard and strenuous work that the miners do down the mine. It makes us understand that it is because of the labourer's hard work that we enjoy superiority in life. Everyone of us is greatly indebted to the miner's hard work. These poor miner's take up this kind of work and keep up prosperous in life. Full of coal and with black eyes, they are hacking at the coal down the mine. They are moving their shovels with full speed & force. Theirs is the most important work which the poor miners are doing with great interest. They deserve the gratitude of whole human race,

व्याख्या—प्राय: लोग कोयला की खान में कार्य करने वाले मजदूर के कठिन जीवन के विषय में सुनना चाहते हैं। यदि हम इन मजदूरों को कार्य करते हुये देखें तो हम उस कड़े तथा उत्साह पूर्ण कार्य को पूरी तरह से समझ जाते हैं जो कि खान की नीचे मजदूर करते हैं। यह हमें यह भी ज्ञान करा देता है कि मजदूरों के कठिन कार्य के कारण ही हम जीवन में 'उच्चता' को प्राप्त करते हैं तथा ऊंचे रह सकते हैं। हम से प्रत्येक व्यक्ति इन खान के मजदूरों के कार्य के लिये बहुत अधिक ऋणी है। ये गरीब मजदूर इस प्रकार कार्य करते हैं तथा हमें जीवन में प्रसन्न रखते हैं। कोयले की धूल से सने हुए, काली काली आंखों वाले ये मजदूर खान के नीचे से कोयले को खोद रहे हैं। वे अपने फावड़ों को पूरी शक्ति तथा तेज गति से चला रहे हैं।

उनका कार्य सबसे अधिक महत्व पूर्ण है जिसको कि गरीब मजदूर पूरी रुचि से कर रहे हैं। समस्त मानव जाति उनकी ऋणी है।

## Question & Answer

**Key question I—Why is she process by which coal is**

extracted well worth watching ? In what, way is a coal mine like hall ?

खान से कोयला निकालने की क्रिया गौर से देखने काबिल क्यों है ? कोयले की खान किस रूप में नरक समान है ?

**Ans.**—Coal is very important in our day-today life. In fact our civilization is founded on coal, but we do not know it completely. It is direcily useful in our daily life For this reason, we must be in the knowledge of the actual process by which coal is extracted from the mines. The whole process is well-worth watching. It gives a glimpse of the miner's hard life and we come to know how much labour coal-getting involves on the part of the miners.

Generally the visitors are not allowed to go down a mine, praticularly while the miners are at work. If you get a chance to go at such times you will see that the machines are roaring and the time when you can actually see what happens down the mine.

A coal-mine is like a hell. There are heat, noise, confusion, darkness and dangers in a coal mine. There is no light except Davy's Lamb or electric torches. We imagine all such things in hell. We, there fore, think a coal-mine like hell.

**Key question 2**–Why is the of the fillers considered almost supper-human ?

जो कार्य कोयला भरने वाले मजदूर करते हैं, वह प्रायः दैविक (मनुष्य की शक्ति से बाहर का) क्यों समझा जाता है।

**Ans.**–Please see the summary of the lesson for the answer of this question—"The job of the coal-miners".

**Key question 3**–What extra physical effort has the coal-miner to put in as part of his day's work ?

**Ans.**–It is very difficult to watch the coal-miners at work. No body is allowed to go down the mine, when the work is going on there. Any how, if you get a chance to go at such times. you watch the miners at work. They are busy in cutting coal from the shining black-coal-face Overhead, there is the smooth ceiling made by the rock from which the coal has been cut. There is only a very narrow little gallary in which the workers carry on their day's work.

These coal miners have to take up extra-physical labour as a part of their day's work. It is of crawling down the mine. Sometimes they have to crawl a distance of about five miles from the pit-bottom to the coal face There they remain kneeling and keep their heads up in order to save them from the beams and girders. They can't stand up right because of the heavy beams that are moved by the machines to and fro down the mine. There is always this frightful business of crawling to and fro in the mine and it is besides their normal work of digging coal

Indeed, it is merely the extra physical labour which is required along with their normal work of cutting coal. They are not paid for it. It is necessary to perfrom their normal duty of digging coal.

The coal-miners do this kind of frightful work for about seven and half hours daily. It is, indeed, a difficult task that the miners do down the mine.

**Key question 4**—What does our world owe to the coal-miners ? Why is it necessary for us to remember the part he plays in our lives ?

हमारी दुनिया कोयले की खान के मजदूरों की किस प्रकार ऋणी है ? हमारे लिये क्यों आवश्यक है कि हम अपने जीवन इनमें श्रमिकों के कार्य को याद करें ?

**Ans.**–Coal is very necessary in our life. We can't do progress without coal. Our world owes much to the coal-miners.

**Importance of coal**–Coal is needed almost in every activity of our daily life. All the heavy machines are run by coal and they are directly or indirectly independent on it. Practically everything, that we do in life, involves the use of coal, directly or indirectly. It is needed in peace as well as war times. But we do n't know how we get it and what strenuous labour it requires. We simply know as much-that we 'must have coal'.

The miners live in a world of their own. Theirs is the world down the mine where there is no light except that of Davy's lamps. The air is black with coal dust and there is noise and confusion in the world of the miners. They had a very hard life down the mine. But this world of theirs is very important for the progress of civilization. It is absolutely counter part of the world above. In a sense, the miners are real founder of the civilized world above. Hence the world is very much indebted to them.

**The work of miner**—It is really very unfortunate that we forget the part that the miner plays in our life. He cuts and digs out the most important 'stuff' that we need in life. The miner works for the well being of the superior persons in this world. All our activities are governed by the use of coal. If there had been no coal in the world, we would not have progressed so rapidly. Coal is necessary to us as the root is to the flower. It is, therefore, very necessarry to remember the part that the coal miner plays in our life.

**Key question 5**–How were former conditions in coal mines worse than they are now ? In what way are all of us obliged to manual workers ?

कोयले की खानों में पहिले की दशाएं वर्तमान दशाओं से किस प्रकार बुरी थी ? हम सब किस प्रकार से शारीरिक कार्य करने वाले मजदूरों के ऋणी है ?

**Ans.**—Formerly the conditions in coal mines were very bad. They are far from satisfactory even at present. Previously the miners had to take up the hardest and frightful work down the mine. Their life was always in danger. There are still a very few old women who have worked down the mine and they can fully tell you the sad experiences of their lives down the mine. Only sometimes back the women worked down the mine with harness round their waists and chain between their feet. They dragged the coal tubs in that position. Their condition was like that of the chained animals or horses which carry on heavy luggages and draws vehicles. These women used to do this kind of work even when they were pregnant.

Indeed, manual work is very important in our life. We are very much indebted to all types of hard work But it is very sad indeed, that we do n't like to think of the poor lot of the miners

Men think themselves superior and intellectual in comparison to the ordinary workers. We forget that it is only because of the labourer's hard work that superior person can remain superior in life. In fact you and I—all of us are really owe much to the hard work that the labourers are doing under ground. Full of coal-dust, black and sooty figures from head to feet, these workers are busy in shovelling coal with their full force. They are speedily doing their work down the mine.

———

# 13. Making Writing Simple

## लिखना (लेख) सरल बनाना

**By J. B. Priestley**

**Introduction to the author—**

John Boynton Priestley was born in 1894. His fame chiefly rests as a dramatist, novelist essayist, humorist critic and broad caster. Priestley also served with the British Army in France, during the First World War. After it he joined the Cambridge University and began to take part in journalistic and literary activities. He is chiefly known as a great journalist of England.

Some of his important books are–The Good companions. Angel Pavement, novels, Eden and Laburnum Grove are plays. Literature and Western Man, English Humour, are important collection of essays. His another important collection of essays is 'I for one' which soon earned him a considerable repution.

**Introduction to the lesson—**

The present lesson, 'Making Writing Simple' is a plea for simplicity in writing. The contents of the lesson are quite clear from its heading. According to the author literature should speak 'the language of the people'. We should be clear out in our thoughts and expression. Moreover there should not be any barrier between the author and the public.

This essays has many good suggestions for the readers.

